**Need to expedite construction of Pinjore-Baddi-Nalagarh National Highway into four-lane highway-Laid**

**श्री सुरेश कुमार कश्यप (शिमला) :** मैं माननीय मंत्री जी के संज्ञान मैं लाना चाहूंगा कि पिंजौर बाजार (हरियाणा ) से होकर हिमाचल के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-नालागढ़ जाने वाले हजारों वाहनों से होने वाले ट्रैफिक जाम से निजात के लिए सिंगल लेन पिंजौर- बद्दी -नालागढ़ नेशनल हाईवे को 12 वर्ष पूर्व 36 किलोमीटर लंबे फोरलेन बनाने की परियोजना को मंजूरी मिली थी । लेकिन कई अड़चनों के बाद 05-04-2022 इसका निर्माण कार्य आरंभ हुआ था जो 30-09-2024 तक पूरा किया जाना था परन्तु निर्माण कार्य कछुआ चाल से चल रहा है । अभी तक इसका काम मात्र 38.60 प्रतिशत ही पूरा हुआ है और 61.40 प्रतिशत काम अभी भी बकाया है| परियोजना हेतु 1692 करोड़ रुपए की लागत का अनुमान है| इसके कुल 36 किलोमीटर की लंबाई में से 17.37 किलोमीटर हिस्सा हिमाचल में और बाकी हरियाणा में है ।

चंडीगढ़- शिमला नेशनल हाईवे से हिमाचल प्रदेश बद्दी, बरोटी वाला औद्योगिक क्षेत्र जाने के लिए पिंजौर से होकर गुजरने वाले वाहनों के लिए एकमात्र डबल लेन पिंजोर-नालागढ़ नेशनल हाईवे पर प्रतिदिन हजारों वाहन आते जाते हैं । इसलिए इस मार्ग पर ना केवल हमेशा ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है बल्कि प्रतिदिन यहां पर कोई ना कोई छोटी या बड़ी दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं । जिनमें अनेक लोंगों की जान जा चुकी है और कई लोग घायल भी हो चुके हैं । वाहनों का नुकसान भी इसमें जोड़ा जाए तो यह समस्या धीरे-धीरे विकराल रूप धारण कर चुकी है । इस मार्ग पर पिंजौर दून क्षेत्र दर्जनों गांव सहित हिमाचल प्रदेश के भी कई गांवों और कस्बे पड़ते हैं गांव और कस्बों के निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । इसलिए मेरा केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी से निवेदन प्राथना है कि इस मार्ग के निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाये ।